# बुरहानपुर प्रदेश के विकास का द्वार, यहां के लोग उद्यमशील : डॉ. यादव

### बुरहानपुर को मिल रही औद्योगिक गति, टेक्सटाइल का हब बनाएंगे

### मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में बुरहानपुर .निमाड़ बन रहा अग्रणी औद्योगिक केंद्र : अर्चना चिटनिस



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर में आयोजित उद्यमी संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए मजबूत आधार तैयार किया जा चुका है और अब उद्योगपतियों के सहयोग से इस केनवास में विकास, निवेश और नवाचार के रंग भरे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता केवल निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि उसे धरातल पर उतारकर रोजगार सृजन और क्षेत्रीय संतुलित विकास सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर को प्रदेश के विकास का द्वार बताते हुए कहा कि यह जिला अपनी ऐतिहासिक विरासत, भौगोलिक स्थिति और उद्यमशील समाज के कारण औद्योगिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां के लोगों में परिश्रम, कौशल और व्यापारिक समझ की मजबूत परंपरा है, जो इसे उद्योग और कृषि, दोनों क्षेत्रों में अग्रणी बना सकती है।

उन्होंने घोषणा की कि बुरहानपुर के सुखपुरी क्षेत्र को एक विकसित इंडस्ट्रियल बेल्ट के रूप में तैयार किया जाएगा, जिससे बड़े निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र रेहटा में नवीन मार्ग निर्माण कर उद्योगों की कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे लॉजिस्टिक्स और परिवहन की समस्याएं कम होंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि निमाड़ क्षेत्र में शीघ्र ही इन्वेस्टर समिट आयोजित की जाएगी, जो इस पूरे क्षेत्र के औद्योगिक परिदृश्य को नई दिशा देगी।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार 24 बाय 7 उद्योगों के विकास के लिए कार्य कर रही है और स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ना उसका मुख्य लक्ष्य है। इसी उद्देश्य से वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में समर्पित किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन जिला स्तर तक किया जाएगा। जिससे व्यापारियों और उद्यमियों को नीतिगत समर्थन और सुरक्षा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत आज विश्व में एक सशक्त आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। जनधन योजना जैसे प्रयासों से हर व्यक्ति का हक सीधे उसके खाते में पहुंचा है, जिससे अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता और गति आई है। इसी भावना के अनुरूप मध्यप्रदेश सरकार भी उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में बिचौलियों को समाप्त कर सीधे लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बुरहानपुर की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए बताया कि एमएसएमई क्षेत्र में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2022.23 में 436 करोड़ रुपए का निवेश बढ़कर वर्तमान में लगभग 802 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। यह वृद्धि यहां के उद्यमियों की क्षमता और सरकार की नीतियों पर उनके विश्वास का स्पष्ट प्रमाण है।

**मध्यप्रदेश आज निवेश के लिए देश का भरोसेमंद केंद्र :-** कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आज निवेश के लिए देश का एक भरोसेमंद और आकर्षक केंद्र बन चुका है। उद्योग वर्ष, जनविश्वास अधिनियम और ब्जिनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान बिरिप में टॉप अचीवर की उपलब्धि इस दिशा में प्रदेश की मजबूत प्रगति को दर्शाती है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर टेक्सटाइल और कृषि आधारित उद्योगों के लिए अत्यंत उपयुक्त क्षेत्र है। पीएम मित्र प्रोजेक्ट के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यहां कच्चे माल की पर्याप्त उपलब्धता है और यदि औद्योगिक कनेक्टिविटी को और मजबूत किया जाएए तो बुरहानपुर राष्ट्रीय स्तर का टेक्सटाइल हब बन सकता है। उन्होंने बुरहानपुर को मिली महत्वपूर्ण औद्योगिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि फेयरडील टेक्सटाइल्स क्लस्टर, निंबोला. रईपुरा के विकास के लिए कुल 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 3 करोड़ 44 लाख 26 हजार रुपए की प्रथम किश्त जारी की जा चुकी है।

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि निमाड़ रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की मांग भी उनके द्वारा ही रखी गई थी, जिसका उद्देश्य क्षेत्र को एक सशक्त औद्योगिक मंच प्रदान करना है। अब उद्यमी संवाद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से यह पहल धरातल पर साकार हो रही है और उद्योगपतियों को सीधे शासन से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर में एक से बढ़कर चार औद्योगिक केंद्र विकसित होना इस बात का प्रमाण है कि जिला तेजी से औद्योगिक हब के रूप में उभर रहा है।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के मार्गदर्शन और भगवान महाकाल के आशीर्वाद से बुरहानपुर न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि देश के औद्योगिक मानचित्र पर एक सशक्त पहचान स्थापित करेगा। संवाद के दौरान उद्योगपतियों ने 20 एचपी सिलिंग हटाकर 150 एचपी करने, सोलार प्लांट स्थापना के नियमों में संशोधन करने सहित अन्य मांगे रखी।

कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, नेपागर विधायक मंजू दादू, महापौर माधुरी अतुल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, उपाध्यक्ष गजानन महाजन, पूर्व विधायक सुमित्रा कास्डेकर, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल सहित अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर में

### सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के भाई के निधन पर शोक जताने बोहरड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



**बुरहानपुर।** खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के अनुज स्वर्गीय विश्वनाथ पाटील, बाडू भाई के निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव बुधवार को उनके पैतृक निवास ग्राम बोहरड़ा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री कुछ समय तक परिवारजनों के साथ रहे और उन्हें इस कठिन समय में ढांढस बंधाया। ग्राम बोहरड़ा में मुख्यमंत्री के आगमन पर जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की भी उपस्थिति रही।

### ठा. शिवकुमार सिंह मेमोरियल फार्मेसी कॉलेज के 5वें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**बुरहानपुर।** सहकारिता क्षेत्र के ठा. शिवकुमार सिंह मेमोरियल फर्मेसी कॉलेज के पॉचवे सेमेस्टर के विद्यार्थीयो का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम। फर्मेसी कॉलेज के तृतीय वर्ष के पॉचवे सेमेस्टर के विद्यार्थीयो ने फर्मेसी परीक्षा मे शत् प्रतिशत परिणाम लाकर संस्था की सफ्लता मे नये आयाम स्थापित किये है। संस्था मे प्रथम स्थान पर छात्रा किर्तीका महाजन ने 8.85 अंको के साथ प्राप्त किया। इसी प्रकार संस्था मे दुसरे स्थान पर सयुक्त रुप से छात्रा मानसी सोमवंशी एवं स्वाती पाटील 8.31 अंको के साथ रही और तीसरे स्थान पर आरती महाजन 8.15 अंको के साथ प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त फर्मेसी कॉलेज के अन्य विद्यार्थीयो ने 70: से अधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज के परिक्षा परिणाम को श्रेष्ठ बनाया। विद्यार्थीयो के परिक्षा परिणाम को अधिक बेहतर और उत्कृष्ट बनाने के लिये संस्था के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य विद्यार्थीयो का भी सर्वांगीण विकास हो इस उद्देश्य से महाविद्यालय् मे विभिन्न गतिविधियॉ जैसे शैक्षणिक भ्रमण, खेल-कुद, प्रेक्टीकल प्रोजेक्ट प्रदर्शनी, सेमिनार साथ ही अंतिम वर्ष अध्ययनरत् विद्यार्थीयो के लिये रोजगार को ध्यान मे रखते हुये समय-समय पर कंम्पनी प्लेसमेंट का आयोजन भी संस्था द्वारा किया जाता रहा है। इस अवसर पर नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना प्रशासक, प्रबंध संचालक, कॉलेज के प्राचार्य, कार्यालय अधीक्षक एवं समस्त कॉलेज स्टॉफने विद्यार्थीयो की इस सफ्लता पर उन्हे बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### भीषण गर्मी में रेल यात्रियों को नि:शुल्क पानी पिलाकर कर रहे मानव सेवा का कार्य...



**बुरहानपुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा रेलवे स्टेशन बुरहानपुर पर भारत देश में आने जाने वाले रेल यात्रियों को ठन्डे पेयजल का वितरण रेलवे विभाग के बुरहानपुर प्रबंधक विनय मेहता एवं मुख्य टिकिट निरीक्षक शकील अहमद की उपस्थिति में संस्था के संरक्षक एवं संस्थापक महेंद्र जैन एसंस्था अध्यक्ष डॉ किरण सिंह, उपाध्यक्ष डॉ हर्ष वर्मा ए एवं कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमेन सुनील सलूजा, रविन्द्र महाजन, रजनी गट्टानी, आर एस ठाकुर, देवचंद शर्मा, विनय सूर्यवंशी के द्वारा ठंडा पेयजल यात्रियों को वितरित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेलवे स्टेशन प्रबधक बुरहानपुर विनय मेहता ने कहा की आपकी संस्था द्वारा विगत कई वर्षो से रेलवे स्टेशन परिसर को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई व्यवस्था में सहयोग एवं जो जल वितरण का कार्य यात्रियों के लिए किया जा रहा है इस पुनीत कार्य से बढ़कर कोई कार्य नही है स संस्था के संरक्षक एवं संस्थापक महेंद्र जैन ने कहा की जल है तो कल हैए कल है तो जीवन है क्योकि जल ही एक एसा माध्यम है जो मानव तो मानव मूक प्राणियों की प्यास को तृप्त करता है स कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमेन सुनील सलूजा ने जन जन से यह आव्हान किया है की जल को प्राप्त करने के लिए पौधारोपण बहुत आवश्यक है इसीलिए ज्यादा से जयादा पौधे लगाने का कार्य हम सभी करे स संस्था अध्यक्ष डॉ किरण सिंह ने देश वासियों से कहा की पानी को हम उतना ही इस्तमाल करे जितनी आवश्यकता है क्योकि पानी बचाना वर्तमान समय की महती आवश्यकता है स अंत में संस्था उपाध्यक्ष डॉ हर्ष वर्मा ने रेलवे स्टेशन प्रबंधक विनय मेहता का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया।

### नशा मुक्ति अभियान और उपचार शिविर आज

**बुरहानपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बुरहानपुर द्वारा रेड क्रॉस सप्ताह अंतर्गत, 'नशा मुक्ति अभियान/ सीपीआर/ प्राथमिक उपचार कार्यक्रम दिनांक 7 मई 2026 को प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रेणुका कृषि उपज मंडी बुरहानपुर मे आयोजित किया गया है।

### पुलिस थाने के बाहर आत्मदाह का प्रयास



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार रात 35 वर्षीय युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। युवक की पहचान खैराती बाजार निवासी बबलू वानखेड़े के रूप में हुई है। वह पत्नी से विवाद और पड़ोसियों द्वारा मारपीट के झूठे आरोप लगाए जाने से परेशान था। पुलिस और परिजनों ने उसे झुलसी हुई हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक उसकी पत्नी को लंबे समय से परेशान कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद चल रहा था। बबलू वानखेड़े के मुताबिक, इस मामले को दबाने के लिए उस पर पड़ोसी परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट और गाली.गलौज करने के निराधार आरोप लगाए जा रहे थे। इससे पहले भी यह मामला थाने पहुंचा था,ए लेकिन तब दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हो गया था।

## नई पंचायत समिति में लगा स्वास्थ्य शिविर



**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा नई पंचायत समिति बिल्डिंग मे नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 110 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. ओमप्रकाश शुक्ला, जनरल फिजिशियन डॉ.इलका सिद्दीकी, स्त्री रोग विभाग द्वारा संबंधित समस्याओं का परामर्श किया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। सभी मरीजों का नि:शुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन मे स्वास्थ्य शिविर का सफ्ल आयोजन किया गया।

## कांग्रेस लंबे समय से सत्ता से बाहर, गुटबाजी भूलकर करें काम : नायडू



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस की प्रदेश सह प्रभारी उषा नायडू ने नेपानगर में एक संगठनात्मक बैठक के दौरान कहा कि वर्ष 2028 कांग्रेस के लिए आखिरी मौका है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी पार्टी चूकीए तो सत्ता से बाहर ही रहेगी। नायडू ने कार्यकर्ताओं से आपसी गुटबाजी भूलकर एकजुटता के साथ काम करने का आह्वान किया।

नायडू ने कहा कि कांग्रेस काफी समय से सत्ता से बाहर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी केवल काबिल कार्यकर्ताओं को ही दायित्व देगी और उन्हें प्राथमिकता देगी। जो कार्यकर्ता काम नहीं करेगाए उसे हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी आखिरी पंक्ति तक के लोगों को मजबूत करेगी और दूसरों को मौका दिया जाएगा। उन्होंने अगली बार ब्लॉक से पंचायत स्तर तक के लोगों से मिलने की बात भी कही। बुधवार दोपहर हुई इस बैठक से पहले उषा नायडू ने बुरहानपुर और फिर नेपानगर में समन्वय बैठकें कीं। नेपानगर में उन्होंने क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्षों और मंडलम अध्यक्षों से उनके कार्यक्षेत्र की बूथ स्तर तक की विस्तृत जानकारी ली। एक कार्यशाला के रूप में नायडू ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों की कार्य क्षमता और उनके व्यावहारिक कार्यशैली को बारीकी से समझा। सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने भी अपने.अपने कार्यक्षेत्र की समस्याओं और किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रदेश सह प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके बाद नायडू ने संगठन को मजबूती से एक.दूसरे के साथ मिलकर काम करने और साथी कार्यकर्ताओं का सम्मान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी को अपने कार्यकर्ताओं से बाहर खुले में नहीं लड़ना चाहिएए क्योंकि इसका फायदा भाजपा उठा लेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी मेहनत के साथ जनता के बीच जाकर उनकी आवाज उठाने और प्रदेश में सरकार बनाने के लिए संघर्ष करने का आग्रह किया।

प्रदेश सह प्रभारी ने यह भी बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में 7 मई को खलघाट में प्रदर्शन और चक्का जाम किया जाएगा। इस दौरान बुरहानपुर ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष रविंद्र महाजन, पूर्व विधायक हमीद काजी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह बेस, जगमीत सिंह जॉली, नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटील सहित अन्य मौजूद रहे।

## लोक अदालत 9 को, प्रचार के लिए वाहनों को दिखाई हरी झंडी



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणए नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 09 मईए 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त लोक अदालत के प्रचार.प्रसार हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर की अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विधि सक्सेना ने आज दिनांक को प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उक्त वाहन बुरहानपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर लोक अदालत का प्रचार.प्रसार करेंगे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से निराकृत होने वाले प्रकरणों में किसी पक्ष की हार नहीं होती हैं। पक्षकारों के मध्य मौजूद मतभेद पूरी तरह से खत्म होकर प्रकरणों का अंतिम रूप से निराकरण होता है।

सचिव-व्यवहार न्यायाधीशए वरिष्ठ खण्ड प्रेमदीप सांकला द्वारा बताया गया कि लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समस्त दीवानी, समझौता योग्य, आपराधिक, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा, पारिवारिक प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, विद्युत प्रकरण, श्रम एवं रोजगार, बैंक मनी रिकवरी एवं प्रीलिटिगेशन संपत्तिकर बिजली व जल कर सहित सभी राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण सुलह व समझौते के आधार पर किया जाएगा। साथ ही बताया कि जो व्यक्ति लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरण का निपटारा कराना चाहते हैं वे संबंधित न्यायालय या विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने पक्षकारों से अपील की है कि वे आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण करा कर उसका लाभ लें।

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय तनवीर अहमद खान, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री इन्दु कान्त तिवारी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सरिता जतारिया, सचिव/ व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड श्री प्रेमदीप सांकला, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शीतल बघेल, श्री राजू पन्द्रे, भारत सिंह भंवर, श्री रवि वर्मा, रीना पिपल्या एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुपमा मुजाल्दे, लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्तागण एवं जिला अधिवक्ता संघ से अधिवक्तागण, विद्युत विभाग से कर्मचारी गुलाब सोनार, कुलदीप चैहान, नगर पालिका निगम से श्री केशर अली उपस्थित हुए।

## हाईवे पर फैली किसान की मक्का समेटने काफिला रोक उतरीं विधायक चिटनिस

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बुधवार दोपहर एक किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली से अचानक सड़क पर भारी मात्रा में मक्का बिखर गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहीं प्रदेश की भाजपा प्रवक्ता और विधायक अर्चना चिटनिस ने यह नजारा देखा तो अपना काफिला रुकवा दिया। वे खुद गाड़ी से नीचे उतरीं और किसान के साथ उसकी बिखरी हुई उपज समेटने में मदद की।



घटना बुधवार दोपहर को ताप्ती ब्रिज के पास हुई। एक किसान अपनी मक्का की उपज ट्रैक्टर.ट्रॉली में भरकर ले जा रहा था। तभी अचानक चलते वाहन में ट्रॉली का पिछला पल्ला खुल गया और मक्का सड़क पर फैल गई। उपज बिखरने से किसान परेशान हो गया और उसे अकेले ही समेटने की कोशिश करने लगा। हादसे के वक्त विधायक अर्चना चिटनिस अपने काफिले के साथ वहां से गुजर रही थीं। सड़क पर किसान को परेशान देखकर उन्होंने तुरंत गाड़ी रुकवाई और बिना देर किए खुद मदद के लिए पहुंच गईं।

## एक नजर

### पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भाजपा की प्रचंड विजय पर झालमुड़ी का लिया आनंद

## बंगाल में जीप पर बुरहानपुर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अर्चना चिटनिस की मौजूदगी में मना विजयोत्सव






**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में भाजपा जिला बुरहानपुर द्वारा विजयोत्सव. जन विश्वास कार्यक्रम का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति ने आयोजन को विशेष ऊर्जा प्रदान की।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि यह विजय केवल चुनावी सफ्लता नहीं, बल्कि देश की जनता के अटूट विश्वास, राष्ट्रवादी विचारधारा और सुशासन की नीतियों की ऐतिहासिक जीत है। उन्होंने कहा कि बंगाल को 75 साल बाद सही मायनों में आजादी मिली है,जो वहां की जनता के परिवर्तन के संकल्प और लोकतांत्रिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता विकास, पारदर्शिता और राष्ट्रहित की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है तथा विभाजनकारी और भ्रम फैलाने वाली सोच को पूरी तरह नकार चुकी है। मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव ने कहा कि देशभक्त लोगों के बीच जहर फैलाने और देश के बंटवारे का पाप कांग्रेस ने किया है। वंदे मातरम को बांटने और भगवान राम के मंदिर में ताला लगानेने का पाप भी कांग्रेस के ही सिर पर है। मुख्यमंत्री ने ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राम मंदिर को हिंदू और मुसलमान, सभी ने आनंद के साथ स्वीकार किया, लेकिन कांग्रेस के नेता आज तक वहां दर्शन करने नहीं गए।

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता हैए जिसने घर.घर पहुंचकर पार्टी की विचारधारा को जन.जन तक पहुंचाया है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने झालमुड़ी का आनंद लिया और अपने हाथों से कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों को झालमुड़ी वितरित की। यह आत्मीय क्षण कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बना और कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ।

इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह प्रचंड विजय जन.जन के विश्वास, कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देशवासियों के अटूट समर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह जीत राष्ट्रहितए विकास और सुशासन की विचारधारा की विजय है। मुख्यमंत्री जी के साथ बुरहानपुर में विजयोत्सव मनाना कार्यकर्ताओं के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय हैए जिससे संगठन को नई ऊर्जा मिली है।

चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बुरहानपुर में भाजपा का ध्वज फ्हराने से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और प्रेरणा जागृत हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इसी ऊर्जा के साथ संगठन और अधिक सशक्त होकर आगे बढ़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारा संकल्प है कि भारत विश्व पटल पर अपनी संस्कृति, समृद्धि, परंपरा और पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से नई दिशा प्रदान करेगा। जिले के सभी मंडलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस विजयोत्सव को सफ्ल बनाया।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ने सभी कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक विजय की बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता संगठन की एकजुटता, अनुशासन और निरंतर परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को और मजबूती से पहुंचाएं। यह विजयोत्सव कार्यक्रम बुरहानपुर में भाजपा की ऐतिहासिक सफ्लता, संगठन की शक्ति, कार्यकर्ताओं के उत्साह और जनता के अटूट विश्वास का सशक्त एवं यादगार प्रतीक बनकर उभरा।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, उपाध्यक्ष गजानन महाजन, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा कास्डेकर, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, भाजपा जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, अमित मिश्रा, श्रीमती आरती निलेश चौकसे, राहुल जाधवए मनोज लधवे, कैलाश पारीक, संभाजीराव सगरे, रूद्रेश्वर एंडोले, सुभानसिंह चौहान, राजू पाटिल, राजकुमार वाघ, अक्षय मोरे, चिंटू राठौर, रवि काकड़े, दीपक महाजन, आकाश राखुंडे, नितीन महाजन, समर्थ चिटनिस, गणेश पाटिल, संदीप परिहार, महेन्द्र जोशी, निलेश महाजन, राजेश चारण सहित समस्त पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चा-प्रकोष्ठ के सदस्य, वरिष्ठ कार्यकर्ता और अन्य मौजूद थे।